भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
मौखिक प्रश्न सं. *224
सोमवार, 9 मार्च, 2026/18 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**नेवासा तीर्थ स्थल का विकास**

***224. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मराठी साहित्य और संस्कृति के महान संत, संत ज्ञानेश्वर की जन्मस्थली महाराष्ट्र के अहमदनगर (अब अहिल्यानगर) जिले में स्थित नेवासा एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का केन्द्र है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या नेवासा गांव में संत ज्ञानेश्वर की समाधि पर स्थापित की गई उनकी प्रतिमा एक तीर्थ स्थल है और उनके अनुयायियों द्वारा वहाँ पूजा की जाती है तथा उनके जीवन से जुड़े कई अन्य मंदिर और स्मारक भी वहां स्थित हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार द्वारा नेवासा तीर्थ स्थल में पर्यटन के विकास के लिए केन्द्रीय धनराशि का आवंटन सुनिश्चित करने हेतु कोई कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे द्वारा नेवासा तीर्थ स्थल के विकास के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या *224 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

(क): नेवासा, अहमदनगर (महाराष्ट्र) में स्थित पुरातात्विक टीला, जिसे स्थानीय रूप से "लाडमोड का प्राचीन स्थल" के नाम से जाना जाता है, प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के प्रावधानों के तहत एएसआई द्वारा एक संरक्षित क्षेत्र है।

(ख) और (ग): लाडमोड टीला, नेवासा के दक्षिणी तलहटी पर स्थित मंदिर, जो एएसआई द्वारा संरक्षित नहीं है, एक ऐसा स्थान है जहां स्थानीय मान्यताओं और परंपरा के अनुसार, संत ज्ञानेश्वर ने बोल कर गीता पर अपना व्याख्यान दिया था।

स्थानीय रूप से लाडमोड, नेवासा के नाम से प्रसिद्ध इस प्राचीन स्थल की देखरेख भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा की जाती है और पिछले तीन वर्षों के दौरान इसके रखरखाव पर किया गया व्यय निम्नानुसार है:

| **स्थल के वार्षिक रखरखाव पर व्यय (रुपये में)** | | | |
|---|---|---|---|
| **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** | **2025-26 (जनवरी तक)** |
| 635412 | 321268 | 259492 | 290414 |

(घ) और (ङ): पर्यटन के संबंध में, तीर्थस्थलों का विकास और रखरखाव मुख्यतः संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से महाराष्ट्र राज्य सहित देश के विविध पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन करके राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय को नेवासा तीर्थस्थल के पर्यटन संबंधी विकास के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय ने महाराष्ट्र में 437.10 करोड़ रुपये की विभिन्न पर्यटन विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

**अनुबंध**

श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे द्वारा नेवासा तीर्थ स्थल के विकास के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या *224 के भाग (घ) और (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**i. महाराष्ट्र में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना की सूची निम्नानुसार है:**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास | 2017-18 | 45.41 | 38.44 |

**ii. महाराष्ट्र में स्वदेश दर्शन योजना (1.0) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:**

| क्र.सं. | परिपथ/स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी/प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तटीय परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकार्ली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास | 19.06 | 18.10 |
| 2. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी - अडासा - धापेवाड़ा - परदसिंघा - तेलनखंडी - गिराड का विकास | 45.47 | 43.19 |

**iii. महाराष्ट्र में स्वदेश दर्शन योजना (2.0) के तहत स्वीकृत परियोजना की सूची निम्नानुसार है:**

| क्र.सं. | अनुभव का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवसृष्टि थीम पार्क | 2024-25 | 76.22 | 7.62 |

**iv. महाराष्ट्र में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजना की सूची निम्नानुसार है:**

| क्र.सं. | गंतव्य/श्रेणी | अनुभव का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अहमदनगर (संस्कृति और विरासत) | अहमदनगर किले का विकास | 2024-25 | 25.00 | 2.50 |

**v. महाराष्ट्र में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:**

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>परियोजना का नाम</th><th>स्वीकृति वर्ष</th><th>स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)</th><th>जारी राशि (करोड़ रु. में)</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन</td><td>2024-25</td><td>46.91</td><td rowspan="2">96.39</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>नासिक में राम-काल पथ का विकास</td><td>2024-25</td><td>99.14</td></tr>
</table>

**vi महाराष्ट्र में पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कानोजी आंग्रे लाइटहाउस का पर्यटन स्थल के रूप में विकास | 2016-17 | 15.0 | 15.0 |
| 2. | मुंबई के इंदिरा डॉक स्थित अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ आधुनिकीकरण। | 2017-18 | 12.5 | 12.5 |
| 3. | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के इंदिरा डॉक स्थित अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | 2021-22 | 37.5 | 30.0 |
| 4. | नांदेड़ रेलवे स्टेशन | 2016-17 | 5.18 | 2.59 |
| 5. | औरंगाबाद रेलवे स्टेशन | 2017-18 | 5.71 | 2.85 |
| 6. | 3 ग्लास टॉप कोचों का निर्माण: **(दादर-मडगांव रूट, मुंबई से गोवा)** | 2017-18 | 4.0 | 4.0 |

*****